अब 31मार्च के बाद होगा सीएजीडीआई का नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। केंद्रीय कृषि विकास संस्थान का नियुक्ति पत्र वितरण संबंधी कार्यक्रम इस वित्तीय वर्ष की समाप्ति के बाद आयोजित होगा।संस्थान के निदेशक चंद्रभूषण पाँडेय द्वारा समाचार पत्रों को दी गयी सूचना के अनुसार केंद्रीय कृषि विकास संस्थान में पंजीकरण, परीक्षा और चयन संबंधी अन्य औपचारिकताएं पूरी होने के उपरांत नियुक्ति पत्र वितरण संबंधी सार्वजनिक आयोजन राजधानी लखनऊ में होना सुनिश्चित है। इस कार्यक्रम में नियुक्ति पत्र वितरण के लिये आनेवाले गणमान्य व्यक्तियों की सुरक्षा आदि व्यवस्थाओं के उपरांत आगामी कार्यक्रम की सूचना संस्थान द्वारा दी जायेगी। संस्थान द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार 25 जनवरी 2023 को संस्थान के स्थानीय केंद्र पर बुलाये गये अभ्यर्थि[illegible] देशक के माध्यम से नियुक्ति [illegible] ये गये थे।